प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 13.04.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। श्री मोदी आज नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की विकास यात्रा के अहम पडावों के बीच 21वीं सदी का सबसे बडा निर्णय लिया जा रहा है। ये निर्णय नारी शक्ति को समर्पित है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की बढती भागीदारी लोकतंत्र को मजबूती देगी।

.....

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाएं शामिल हो रही हैं। गौरतलब है कि सितम्बर 2023 में संसद ने विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के उद्देश्य से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह अधिनियम लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित करने का प्रावधान करता है। इस महीने की 16 तारीख से संसद के विशेष सत्र में देशभर में महिला आरक्षण लागू करने पर मुख्य रूप से विचार होगा।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज बालोतरा पंहुच रहे है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के 21 अप्रैल को प्रस्तावित पचपदरा रिफाइनरी के उद्घाटन कार्यक्रम के मद्देनजर श्री शर्मा सभी आवश्यक तैयारियों को देखेंगे। वे रिफाइनरी का निरीक्षण करेंगे। साथ ही सभास्थल का भी जायजा लेंगे। मुख्य सचिव वी श्रीनिवास और पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा भी बालोतरा पंहुचे है।

0000

जयपुर में आज माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 और राजस्थान यूथ डायलॉग का फिनाले हो रहा है। खेल विभाग और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से ये कार्यक्रम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जा रहा हैं। युवाओं को देश की नीति निर्माण प्रकिया से सीधे जोडने के लिए ये कार्यक्रम रखा गया है। युवा मामले और खेल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता ने बताया कि केन्द्रीय बजट 2026 को सरकार ने युवा शक्ति से प्रेरित बजट का नाम दिया है। इसी विजन को धरातल पर उतारने के लिए ये संवाद कार्यक्रम हो रहा है। इसके माध्यम से युवा आर्थिक नीतियों, वैश्विक उद्यमिता और पूंजी विकास सहित अन्य विषयों पर अपने विचार साझा कर रहे है।

00000

देश आज जलियांवाला बाग हत्याकांड के वीर शहीदों को नमन कर रहा है। आज ही के दिन 1919 में एक शांतिपूर्ण सभा में निहत्थे देशवासियों पर गोलियों की बोछार की गई थी। इस जघन्य कृत्य ने पूरे देश को झकझोर दिया और ब्रिटिश शासन का अमानवीय चेहरा उजागर हुआ। इस घटना को एक ऐतिहासिक मोड माना जाता है, जिसने आजादी की लडाई में कांति की भावना को और बलवान किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस हत्याकांड में प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को श्रद्धाजंलि अर्पित की है।

00000

राजस्थान हाईकोर्ट और अधीनस्थ अदालतों में आज से ग्रीष्मकालीन समय लागू हो रहा है। अधिसूचना के अनुसार उच्च न्यायालय का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। वहीं अधीनस्थ न्यायालय सुबह 8 बजे से दोपहर साढे 12 बजे तक काम करेंगे। उधर ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग ने गर्मी के मौसम को देखते हुए मनरेगा कार्य वीबी जीरामजी का समय बदलने के निर्देश दिए है। इस बारे में सभी जिला कलेक्टरों और जिला परिषद के सीईओ को मौसम को देखते हुए समय में बदलाव करने को कहा गया है।

0000

भरतपुर में आज बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यकम हो रहा है। ये कार्यकम पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना तथा महिला अधिकारिता विभाग की ओर से सावित्री बाई फुले बालिका छात्रावास में आयोजित किया जा रहा है। इसमें पुलिस की निर्भया स्क्वायड के सदस्यों द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण

दिया जा रहा है। साथ ही आपात स्थिति मे सतर्क रहने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपाय बताये जा रहे हैं।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 अप्रैल को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133 वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 24 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगे।

00000